शहर में सेक्स रैकेट के खिलाफ पुलिस ने की बड़ी कारवाई

पुलिस की 6 अलग अलग टीमो ने एक साथ पांच होटलों में की छापेमारी, 25 युवक-युवतियों को हिरासत में लेकर कर रही है पूछताछ

जहानाबाद। शहर में कथित सेक्स रैकेट के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। यहां पुलिस की 6 अलग अलग टीमो ने एक साथ पांच होटलों में छापेमारी की जहां रेलवे स्टेशन इलाके से लेकर अरवल मोड़ तक हुई इस ताबड़तोड़ कार्रवाई में 25 युवक-युवतियों को हिरासत में लिया गया है। सबसे ज्यादा स्टेशन इलाके में स्थित मां तारा होटल से कथित आपत्तिजनक स्थिति में युवक युवतियां पकड़ी गई है। अचानक हुई इस छापेमारी से शहर के होटल संचालकों में हड़कंप मच गया, जबकि कार्रवाई को देखने के लिए सड़कों पर भारी भीड़ उमड़ पड़ी। दरअसल, पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि शहर के कई होटल और रेस्ट हाउस में देह व्यापार का अवैध धंधा चल रहा है और नियमों को ताक पर रखकर नाबालिगों तक को कमरे दिए जा रहे हैं। सूचना के सत्यापन को लेकर एसपी के निर्देश पर 6 विशेष टीमों का गठन किया गया, जिसकी अगुवाई नगर थानाध्यक्ष आलोक कुमार और अंचल पुलिस निरीक्षक दिवाकर कुमार विश्वकर्मा कर रहे थे। टीमों ने स्टेशन इलाके के



मां तारा होटल, नील कमल रेस्ट हाउस, राजाराम होटल, फिदा हुसैन मोड़ स्थित पलाश होटल और अरवल मोड़ स्थित मुरलीधर रेस्ट हाउस पर एक साथ धावा बोला। कमरों की तलाशी के दौरान कई युवक-युवतियां आपत्तिजनक हालत में पाए गए, जिनमें सबसे ज्यादा संख्या मां तारा होटल से बताई जा रही है। वही छापेमारी की खबर फैलते ही होटलों के बाहर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई, जिसे नियंत्रित करने और तितर-बितर करने में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस ने विभिन्न होटल और रेस्ट हाउस से 25 संदिग्ध युवक-युवतियों को हिरासत में लेकर पुलिस वैन से नगर थाने पहुंचाया, जहां सभी के पहचान पत्रों और उम्र का सत्यापन किया जा रहा है। होटल के रजिस्टरों, एंट्री डिटेल्स और सीसीटीवी फुटेज को भी पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है ताकि होटल संचालकों की भूमिका की जांच की जा सके। इधर इस संबंध में सदर एसडीपीओ अनिकेत कुमार द्विवेदी ने बताया कि गुप्त रूप से सूचना मिली थी कि जहानाबाद स्थित कुछ होटलों और रेस्ट हाउसों में अवैध देह व्यापार, सेक्स रैकेट चल रहा है और नाबालिगों को कमरे दिए जा रहे हैं। सूचना के सत्यापन को लेकर पुलिस अधीक्षक कोटा किरण कुमार द्वारा तत्काल 6 टीमों का गठन किया गया। टाउन थानाध्यक्ष और सीआई टाउन के नेतृत्व में मां तारा, नील कमल, राजाराम, पलाश और मुरलीधर रेस्ट हाउस में छापेमारी की गई। संदेह के आधार पर 25 लोगों को डिटेन किया गया है जिनसे पूछताछ की जा रही है। यदि कोई संदिग्ध गतिविधि नहीं मिलती है तो उन्हें पीआर बॉन्ड पर छोड़ा जाएगा। लेकिन यदि सेक्स रैकेट में संलिप्तता या नाबालिग होने का कोई भी साक्ष्य मिलता है, तो होटल संचालकों और संबंधित लोगों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में विधिसम्मत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बच्चों के विवाद में दो पक्षों के बीच चाकूबाजी, एक की मौत

जहानाबाद। शकूराबाद थाना क्षेत्र के गोपालपुर मठ गांव में बुधवार की शाम बच्चों के बीच हुआ मामूली विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। दोनों पक्षों के बीच हुई चाकूबाजी में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरे पक्ष का एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। मिली जानकारी के अनुसार, बुधवार की शाम गांव में बच्चों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। देखते ही देखते यह मामला उनके अभिभावकों तक पहुंच गया। दोनों पक्षों के बीच पहले कहासुनी और फिर तीखी नोकझोंक होने लगी। इसी दौरान विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के बीच चाकूबाजी शुरू हो गई। इसमें गांव निवासी नागमणि यादव के पुत्र अशोक कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें आनन-फानन में सदर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। वहीं, दूसरे पक्ष के धीरज कुमार भी घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही शकूराबाद थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घायल धीरज कुमार को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है।



धनतेरस व दीपावली के मद्देनजर ज्वेलरी दुकानों की सुरक्षा जांच

काको, जहानाबाद। धनतेरस और दीपावली के मद्देनजर बाजारों में बढ़ने वाली भीड़ और सुरक्षा की चुनौतियों को देखते हुए पुलिस ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। बुधवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर घोसी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने काको थाना क्षेत्र की विभिन्न ज्वेलरी दुकानों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने दुकानदारों को विशेष सतर्कता बरतने और दुकानों की सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीपीओ ने दुकानदारों से सुरक्षा संबंधी आवश्यक जानकारी ली और पर्व के दौरान अतिरिक्त सावधानी बरतने की अपील की। उन्होंने कहा कि धनतेरस और दीपावली के अवसर पर आभूषण दुकानों में ग्राहकों की आवाजाही बढ़ जाती है। ऐसे में दुकानदारों को अपनी दुकानों के साथ-साथ आसपास की गतिविधियों पर भी नजर रखनी चाहिए। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को देने का निर्देश दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दुकानदारों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस पहल का उद्देश्य त्योहार के दौरान बाजार में शांति एवं सुरक्षा बनाए रखना तथा चोरी, छिनतई और अन्य आपराधिक घटनाओं की आशंका को कम करना है।



एनएच-22 के प्लेया बाईपास पर एक-दूसरे से टकराई तीन गाड़ियां

मखदुमपुर। प्रखंड से गुजरी एनएच-22 के प्लेया बाईपास पर बुधवार के अहले सुबह तीन गाड़ियां एक दूसरे में जबरदस्त टकर मार दी, जिसमें एक कि मौत और दो लोग बुरी तरह घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची मखदुमपुर थाने की पुलिस ने काफी मेहनत एवं नगर पंचायत के जेसीबी के सहयोग से सभी घायलों को बाहर निकाला और घायल लोगो को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा। जहां इलाज के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान नालन्दा जिले के नूरसराय थाना क्षेत्र परासी गांव निवासी रोहित कुमार के रूप में हुई है। जबकि घायलों बालमुकुंद कुमार, फिरोज आलम शामिल है। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि बुधवार की भोर में गया से पटना की ओर छड़ लेकर 14 चक्का ट्रेलर अचानक खराब हो गया और वह




एक की मौत, दो बुरी तरह घायल

सड़क पर ही बंद हो गया। इसी बीच पीछे से आ रहे हाइवा ट्रक जो भारतमाला एक्सप्रेस में काम कर रही वह डस्ट लेकर आ रही थी। जो छड़ लगे टेलर में पीछे से टकरा गई। खराब टेलर को बनाने को बनाने के लिए टेलर के बगल में बोलोरो पिकअप वाहन लगा था, जिसके लोग टेलर को बना रहे थे तभी पीछे से गया से पटना की ओर जा आ रही एक हाईवे ट्रक ने जबरदस्त ठोकर मारा जिससे गाड़ी बना रहे लोग घायल हो गए और पिकप बोलेरो भी बाईपास किनारे खेत में लुढक गई। घटना की सूचना पर पहुंचे मखदुमपुर थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने काफी मेहनत की और प्लेया गांव निवासी वार्ड पार्षद संघ के अध्यक्ष रितेश कुमार उर्फ चुन्नू शर्मा से वार्ता कर जेसीबी का व्यवस्था कराया और जेसीबी के सहयोग से घायलों को वाहन से निकाला गया। वही घायल सभी लोगों को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया जहां हाइवा चालक रोहितत कुमार की मौत हो गई और दोनों घायलों को पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

कायनात इंटरनेशनल स्कूल में विश्व तनाव मना जागरुकता दिवस

अपने लक्ष्य को जीवित रखें और उसे पाने के लिए उत्साहित रहें : कोटा किरण कुमार एसपी ने कैनात स्कूल में 20 से अधिक यूपीएससी उम्मीदवारों को किया प्रेरित

जहानाबाद। कायनात इंटरनेशनल स्कूल, काको में कायनात फाउंडेशन और जामिया कायनात के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को विश्व तनाव जागरूकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एक सिविल सेवक के रूप में राष्ट्र की सेवा करें विषय पर एक विशेष और प्रेरणादायक सत्र आयोजित किया गया, जिसमें पुलिस अधीक्षक कोटा किरण कुमार ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों के बीच विशेष रूप से उन छात्रों में जो सिविल सेवा में जाने की इच्छा रखते हैं तनाव प्रबंधन, मानसिक स्वास्थ्य, सकारात्मक सोच, लक्ष्य निर्धारण और जीवन के उद्देश्य के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना था। एसपी कोटा किरण कुमार ने व्हाइटबोर्ड पर एक कार्टून बनाकर तनाव-जागरूकता सत्र की शुरुआत बहुत ही अनोखे और दिलचस्प तरीके से की। उन्होंने छात्रों को बताया कि मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए रचनात्मक शौक, मनोरंजन और व्यक्तिगत रुचियां कितनी महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने छात्रों को अपने लक्ष्यों को पाने के लिए केंद्रित, अनुशासित और दृढ़ रहने के लिए प्रेरित किया। साथ ही, उन्होंने पढ़ाई के दबाव, व्यक्तिगत रुचियों और मानसिक स्वास्थ्य के बीच एक स्वस्थ संतुलन बनाए रखने की सलाह दी। इस विशेष बातचीत में 20 से अधिक यूपीएससी



उम्मीदवारों और सिविल सेवाओं में रुचि रखने वाले छात्रों ने हिस्सा लिया। उन्होंने तैयारी की रणनीतियों, समय प्रबंधन, अनुशासन, करियर प्लानिंग, प्रतियोगी परीक्षाओं और एक सिविल सेवक बनने में आने वाली चुनौतियों से जुड़े कई सवाल पूछे। कायनात इंटरनेशनल स्कूल के संस्थापक अध्यक्ष शकील अहमद काकवी ने कहा कि स्वस्थ मन से प्रेरित युवाओं का निर्माण होता है, और यही प्रेरित युवा आगे चलकर जिम्मेदार नागरिक बनते हैं। उन्होंने एक ऐसे शैक्षिक वातावरण के महत्व पर प्रकाश डाला, जहाँ शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ भावनात्मक स्वास्थ्य, आत्मविश्वास और सामाजिक जिम्मेदारी का भी विकास हो। कायनात नगर पहुंचने पर भारत स्काउट्स एंड गाइड्स की टीम ने एसपी कोटा किरण कुमार का गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत कायनात इंटरनेशनल स्कूल परिसर में वृक्षारोपण अभियान के साथ हुई, जिसने पर्यावरण संरक्षण और सामूहिक जिम्मेदारी का एक सशक्त संदेश दिया।

एक अनूठी और पर्यावरण-अनुकूल पहल के तहत, अतिथियों को पारंपरिक फूलों के गुलदस्ते के बजाय ताजी फूलगोभी भेंट की गई। कार्यक्रम का संचालन शरिया गोहर ने किया, जबकि अखिल कुमार और रिया कुमारी ने पूरी प्रक्रिया में समन्वय का काम संभाला। इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित करने में भारत स्काउट्स एंड गाइड्स की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

एनबीडब्ल्यू वारंटी गिरफ्तार

काको, जहानाबाद। पाली थाना की पुलिस ने बुधवार को बोधिबिगहा गांव से एनबीडब्ल्यू के एक वारंटी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान बोधिबिगहा गांव निवासी 38 वर्षीय राजबल्लम बिन्द के रूप में हुई है। पुलिस ने गिरफ्तारी के बाद उनके विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

नक्कालों से सावधान

हमारी जानकारी में यह बात आई है कि कुछ अज्ञात और बेईमान व्यक्ति/फर्म/संस्थाएं नकली MDH मसाले एवं केसर का निर्माण और बिक्री कर रहे हैं, जिससे व्यापार, क्रेताओं और विक्रेताओं में बहुत ही भ्रम व धोखे की स्थिति पैदा हो रही है। इस प्रकार ऐसे बेईमान लोग सार्वजनिक रूप से तो धोखाधड़ी कर ही रहे हैं, साथ ही आम जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ भी कर रहे हैं और हमारी प्रतिष्ठा व साख को हानि पहुंचा रहे हैं।

अतः सार्वजनिक रूप से सूचित किया जाता है कि यदि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस तरह के जाली/नकली/अवैध/घटिया MDH मसाले एवं केसर को बेचते हुए पाया जाता है और यदि ऐसे उत्पादों को एफएसएसएआई (FSSAI), खाद्य सुरक्षा सहित किसी भी अधिनियम के तहत किसी भी वैधानिक प्राधिकरण/विभाग द्वारा जब्त किया जाता है तो ऐसे किसी भी मामले में हम किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होंगे। इस बारे में भी सार्वजनिक सूचना दी जाती है कि इस तरह के जाली/नकली/अवैध/घटिया MDH मसाले एवं केसर को बेचते हुए, बेचने की कोशिश करते हुए या बिक्री के लिए स्टॉक करते हुए पाए जाने पर ऐसे दोषी निर्माताओं, स्टॉकिस्टों, व्यापारियों, डीलरों और वितरकों के खिलाफ हमारे द्वारा दीवानी और आपराधिक दोनों तरह की सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस तरह की कानूनी कार्रवाई में अपराध शाखा द्वारा नकली/अवैध मसाले एवं केसर को जब्त किया जाना तो शामिल है ही, साथ ही ट्रेडमार्क की नकल करने और कॉपीराइट का उल्लंघन करने के लिए सजा और जुर्माना भी हो सकता है। इसके अलावा भारतीय दंड संहिता, 1860 के अन्य संबंधित प्रावधानों के तहत भी दंडित किया जा सकता है।

आपकी जानकारी में यदि कोई नकली MDH मसाले एवं केसर बना रहा हो या बेच रहा हो तो तुरंत निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें। आपके द्वारा दी गई सूचना पर यदि कोई पैकिंग छापने वाला प्रिंटिंग प्रेस, नकली माल बनाने वाला निर्माता अथवा बेचने वाला दुकानदार पकड़ा जाता है तो आपको उचित इनाम दिया जाएगा। सूचना देने वाले का नाम व पता गुप्त रखा जाएगा।

नकली एवं मिलावटी मसालों से सावधान। कृप्या विक्रेता से कैश मेमो अवश्य लें।
Beware of adulterated and spurious spices. Always ask for cash memo from the retailer

महाशियाँ दी हट्टी (प्रा०) लिमिटेड
9/44, कीर्ति नगर, औद्योगिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110015
फोन नं० 011-41425106-07-08 (Mob. & Whatsapp No.) 9868121326
E-mail : mdhcare@mdhspices.in, delhi@mdhspices.in

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

निविदा सूचना संख्या – एम.सी.–आर.जी.डी. लॉन्ड्री–26–27.

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर निम्नलिखित कार्यों के लिए मान्यता प्राप्त अनुभवी एवं वित्तीय रूप से सक्षम ठेकेदारों से एवं रेल, सिंचाई, सी.पी.डब्लु.डी, एम.ई.एस. अथवा अन्य लोक उपक्रम में रजिस्टर्ड अथवा कार्यरत ठेकेदारों से ऑन–लाइन खुली निविदा आमंत्रित करते हैं :–

1. कार्य के नाम, लोकेशन के साथ : राजगीर डिपो में प्रति शिफ्ट 3 टन क्षमता वाली मशीनीकृत विभागीय लॉन्ड्री की स्थापना। 2. अनुमानित निविदा राशि (रूपया में) : ₹5,69,93,499.43 (रूपये पाँच करोड़ उनहत्तर लाख तिरानवे हजार चार सौ निन्यानवे एवं तेतालिस पैसे मात्र)। 3. अग्रधन राशि (रूपया में) : ₹11,39,900.00 (रूपये ग्यारह लाख उनचालिस हजार नौ सौ मात्र)। 4. निविदा कागजात जमा करने की एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समय : निविदा ऑन लाइन www.ireps.gov.in पर प्रस्तुत की जानी है। निविदादाताओं द्वारा निर्धारित तिथि 20.11.2026 को 12:00 बजे तक निविदा प्रस्तुत कर दिया जाय एवं उसी दिन निर्धारित तिथि को 12:30 बजे निविदा खोली जायेगी। 5. वेबसाईट नाम एवं निविदा, शुद्धि पत्र (अगर जारी हुआ) संबंधी सूचना : निविदा सूचना पात्रता मान दंड तथा निविदा प्रलेख क्रिस के वेब साईट CRIS website : www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।

मंडल रेल प्रबन्धक (यांत्रिक)/
पूमरे/दानापुर

पीआर/1248/डीएनआर/यां./टी/26–27/44

काको में फिर सजेगा भास्कर महोत्सव छठ पर होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

विधायक ऋतुराज कुमार की पहल पर जिला प्रशासन ने की आयोजन की घोषणा

काको, जहानाबाद। काको में छह साल बाद एक बार फिर छठ पूजा के अवसर पर भास्कर महोत्सव का आयोजन होगा। जिला प्रशासन की ओर से इसकी घोषणा किए जाने के बाद स्थानीय लोगों में खुशी है। महोत्सव के दौरान छठ की पारंपरिक महत्ता को दर्शाने के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। जानकारी के अनुसार, वर्ष 2019 में जिला प्रशासन की ओर से काको में सर्वप्रथम भास्कर महोत्सव का आयोजन किया गया था। हालांकि, इसके बाद से यह परंपरा बंद हो गई थी। महोत्सव को फिर से शुरू कराने के लिए भाजपा काको उत्तरी मंडल अध्यक्ष धीरेन्द्र कुमार मंटू ने घोसी विधायक ऋतुराज कुमार को पत्र लिखकर मांग की थी। उन्होंने पत्र के माध्यम से बताया था कि छठ पूजा के अवसर पर भास्कर महोत्सव का आयोजन काको की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान से जुड़ा है। इसलिए इसे फिर से शुरू कराया जाना चाहिए। मांग पर पहल करते हुए विधायक ऋतुराज कुमार ने सरकार और जिला पदाधिकारी से मुलाकात कर काको में महोत्सव के आयोजन का आग्रह किया। इसके बाद जिला प्रशासन ने छठ पूजा के अवसर पर भास्कर महोत्सव आयोजित करने की घोषणा की। महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। आयोजन की घोषणा से स्थानीय लोगों में उत्साह है। महोत्सव के आयोजन की पहल करने के लिए लोगों ने विधायक ऋतुराज कुमार और भाजपा मंडल अध्यक्ष धीरेन्द्र कुमार मंटू को बधाई दी है। बधाई देने वालों में संजीव कुमार चुन्नू, नागेंद्र कुमार, अनीश अग्रवाल, राघवेंद्र कुमार, विनय कुमार विद्यार्थी, रविन्द्र कुशवाहा, शर्मानंद शर्मा, रणधीर कुमार, शम्भू प्रसाद और रामानुज पासवान समेत दर्जनों लोग शामिल हैं।

बराबर महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर डीएम ने की बैठक

जहानाबाद। जिलाधिकारी छिरिङ वाई भूटिया की अध्यक्षता में बराबर महोत्सव के सफल आयोजन, बराबर पर्यटन क्षेत्र के समग्र विकास एवं व्यापक प्रचार-प्रसार को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में पर्यटन विकास की संभावनाओं, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार एवं पर्यटकों को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराने के संबंध में विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान बराबर को प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने एवं पर्यटकों को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराने को लेकर विभिन्न महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए गए। इनमें बराबर तक पहुँचने वाली सड़कों का चौड़ीकरण, ऐतिहासिक गुफाओं के समीप इंटरप्रिटेशन सेंटर का निर्माण, भगवान बुद्ध की प्रतिमा की स्थापना तथा पर्यटकों की सुविधा हेतु सूचनात्मक एवं दिशासूचक साइनेज



लगाने पर चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त पर्यटकों के सुगम आवागमन हेतु शटल बस सेवा की व्यवस्था, बराबर के समग्र विकास एवं पर्यटन संवर्धन के लिए समिति का गठन तथा बराबर को बौद्ध पर्यटन सर्किट से जोड़ने के संबंध में विचार-विमर्श किया गया। पर्यटन के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु जहानाबाद रेलवे स्टेशन एवं टोल प्लाजा पर एलसीडी स्क्रीन स्थापित कर बराबर के ऐतिहासिक एवं पर्यटन स्थलों से संबंधित वीडियो प्रदर्शित करने तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने के उद्देश्य से होम स्टे पॉलिसी को प्रोत्साहित करने पर भी चर्चा की गई। बैठक में टूरिज्म एसोसिएशन ऑफ बिहार एवं टूरिज्म गाइड एसोसिएशन ऑफ बिहार के अध्यक्ष एवं सदस्य, टूरिस्ट गाइड, बोधगया मॉनेस्ट्री संगठन के प्रतिनिधि तथा अन्य संबंधित व्यक्ति उपस्थित रहे।

साउंड सिस्टम चोरी मामले में शातिर चोर गिरफ्तार

हुलासगंज, जहानाबाद। थाना क्षेत्र के त्रिलोकी बिगहा गांव से साउंड सिस्टम चोरी जो सोमवार की रात में हुई थी के मामले में अनुसंधान के दौरान हुलासगंज पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। मंगलवार को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चोरी की घटना में संलिप्त एक आरोपी को कटौली गांव से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी गौतम पासवान घर से चोरी गया साउंड सिस्टम भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी ने पूछताछ के दौरान हुलासगंज, घोसी एवं मखदुमपुर थाना क्षेत्र सहित विभिन्न स्थानों पर हुई चोरी की घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। पूछताछ के क्रम में उसने सेरथुआ स्थित ईंट भट्ठे से मोबाइल चोरी करने की बात भी बताई।

आपके लिवर और पाचन स्वास्थ्य का भरोसेमंद साथी
DYNAMIC
SUPER SPECIALITY
LIVER & GASTRO CENTRE
सही जाँच — सही ईलाज — बेहतर जीवन

हमारी सेवाएँ
★ लिवर एवं पाचन रोग विशेषज्ञ परामर्श
★ फाइब्रोस्कैन (लिवर स्टिफनेस एवं फैट)
★ एंडोस्कोपी (ऊपरी जठरांत्र जाँच)
★ कोलोनोस्कोपी (बड़ी आँत की जाँच)
★ लिवर बायोप्सी
★ हेपेटाइटिस (B & C) की जाँच एवं इलाज
★ फैटी लिवर, सिरोसिस एवं लिवर फेल्योर प्रबंधन
★ पीलिया, गैस, एसिडिटी, IBS, IBD, कब्ज, दस्त आदि का उपचार

उन्नत जाँच सटीक निदान विशेषज्ञ देखभाल
फाइब्रोस्कैन
अब उपलब्ध बिना दर्द बिना सुई
एंडोस्कोपी एवं कोलोनोस्कोनी
उच्च गुणवत्ता एंडोस्कोपी यूनिट
लिवर बायोप्सी
एवं अन्य उन्नत प्रक्रियाएँ उपलब्ध

OPD परामर्श उपलब्ध
सुबह 9 बजे से रात्रि 7 बजे तक रविवार बंद
अभी कॉल करें। 6206071186
पता – पटेल पथ, मजार गली, राजा बाजार, पटना-800014

PATEL COLLEGE OF COMPUTER AND MANAGEMENT EDUCATION
RUN AND MANAGED BY: SWAMI VIVEKANAND EDUCATIONAL TRUST
SUKULCHAK, KAROUNA, JEHANABAD – 804417

Purpose Course: MBA ((Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management

शीघ्र आवश्यकता है

Post	Department	Qualification
Principal	Administration	Ph.D with 10 Year Experience
Assistant Professor/ Professor	MBA (Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management	Ph.D / Master Degree in Relevant Field/ Subject
HOD	MBA (Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management	Ph.D/ Master Degree in Relevant Field With 5 Year Experience
Librarian	Library	B.Lib.Sc / M.Lbi.Sc
Lab Instructor/	-	BCA / DCA
Accountant	Administration	M.Com / B.Com
Office Assistant	Administration	Graduate with Computer Knowledge
Other Post (Receptionist, Admission- Cum Counselor, Driver, Gardener, Peon)	Administration	Minimum Qualification 10th/12th/Graduate and Experience in Relevant fields

■ एक वयक्ति केवल एक ही पद के लिए आवेदन (Apply) कर सकते हैं। ■ अपने Resume और self-Attested photo-copy Certificate को 15 दिन में patelcollegejehanabad@gmail.com पर मेल करें। अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी ■

Secretary/Chairman - Divya Prakash Contact- 9304697359, 9334074905

डीएम ने बराबर में निर्माणाधीन रोपवे परियोजना का किया निरीक्षण

रोपवे चालू होने से श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को आवागमन में मिलेगी सुविधा : छिरिङ वाई भूटिया

जहानाबाद। जिलाधिकारी छिरिङ वाई भूटिया ने बुधवार को बराबर में निर्माणाधीन रोपवे परियोजना का



स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने रोपवे निर्माण कार्यों की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की तथा संबंधित पदाधिकारियों एवं कार्यकारी एजेंसी को निर्माण कार्यों में निरंतरता बनाए रखते हुए तेजी लाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के सहायक अभियंता द्वारा बताया गया कि संबंधित कंपनी द्वारा रोपवे की लोड टेस्टिंग की जा चुकी है। सुरक्षा मानकों की आवश्यक जाँच के उपरांत एमेनिटीज बिल्डिंग एवं रोपवे से संबंधित शेष निर्माण कार्य दिसंबर 2026 तक पूर्ण होने की संभावना है। जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता एवं सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखने तथा सभी शेष कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि रोपवे परियोजना के पूर्ण होने से बराबर आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्र में पर्यटन विकास को नई गति प्राप्त होगी।

मखदुमपुर में चोरों का तांडव, बिजली के करीब 75 पोल के तार काटे

मखदुमपुर। थाना क्षेत्र में चोरों का तांडव रुकने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन चोर चोरी के नई-नई घटना को अंजाम दे रहे हैं। ताजा मामला बिजली की तार चोरी का है। जहां चोरों ने मखदुमपुर में लगभग 75 पोल के तार को काट कर ले भगा है। मामले की जानकारी देते हुए बिजली विभाग के एसडीओ राजेश कुमार ने बताया कि पलटुबीघा, मुगलबीघा, तिताई बीघा से 11000



केबी के लगभग 50 पोल के तार को चोरों ने काट कर चोरी कर लिया है। वही ढकनी बीघा जाने वाले लगभग बिजली तार के लगभग 25 पोल के तार का चोरी हुआ है। उन्होंने बताया कि इस घटना में लगभग विभाग को 10 लाख से अधिक रुपए की क्षति हुई है। जिसे लेकर कनीय अभियंता ने लिखित आवेदन पर मखदुमपुर थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। वही इस घटना से करीब आधा दर्जन गांव अंधेरे में डूब गए हैं। चोरों के इस करतूत की चर्चा पूरे दिन मखदुमपुर में होती रही। लोगो ने बताया कि चोर मकान, गाड़ी में चोरी करते-करते अब बिजली के तार को भी नहीं छोड़ रहे हैं। कुछ लोगों ने बताया कि बढ़ते सुखे नशा के कारण भी चोरी की घटनाएं बढ़ रही है। घटना को लेकर मखदुमपुर थानाध्यक्ष ने बताया कि इस संबंध में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

Manah
INSTITUTE OF PSYCHIATRY AND BEHAVIOURAL SCIENCES
समझ | सहारा | संबल
मन की बात, हमारे साथ
मानसिक स्वास्थ्य है, तो जीवन है। आइए, मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें।

हमारी सेवाएं
मानसिक समस्याएं: व्यवहार में परिवर्तन, शंका या भ्रम, मिर्गी आना, बिना कारण हँसना, चिड़चिड़ापन, आत्महत्या की इच्छा, बार बार गुस्सा करना / लड़ाई करना, अकारण घबराहट, बेचैनी, डिप्रेशन / एंजायटी
बच्चों की मानसिक समस्याएं: पढ़ाई में पिछड़ जाना, मंद बुद्धि, याद नही करना/ याददाश्त में कमी
नशे की समस्या: शराब, अफीम, हेरोइन, गांजा, चरस, नशे की सुई / गोली एवं स्मैक
सर दर्द माइग्रेन: नस रोग संबंधित समस्या, सेक्स संबंधित समस्या

डॉ. अर्चना सिंह
(MBBS, MD Psychitry, DPM-CIP Kanke, Ranchi)
माइग्रेन और सिरदर्द विशेषज्ञ | मानसिक स्वास्थ्य और व्यवहार विचार विशेषज्ञ | व्यक्तिगत देखभाल, समझ और सहारा

अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें
7543976796 | 7759945555
@manah.health | manahcare
पता: HIG X-9, आशियाना नगर, मेन रोड, ऑपोजिट जगत एलक्लेव, पटना - 800025
आपका मानसिक स्वास्थ्य, हमारी प्राथमिकता। सही समय पर सही मदद लें।